**PREVENT**
GLOBAL
HPV CANCERS



# एचपीवी वैक्सीन के बारे में माता-पिता से प्रभावी संवाद

## डॉक्टर क्या कहते हैं, मायने रखता है; लेकिन डॉक्टर कैसे कहते हैं, वो उससे भी ज़्यादा मायने रखता है।

जब डॉक्टर माता-पिता से एचपीवी वैक्सीन (टीके) की अनुशंसा प्रभावी रूप से करते हैं और उनके सवालों का संतोषजनक जवाब देते हैं, अधिकतम माता-पिता अपनी बेटियों का टीकाकरण कराने का निर्णय ले ही लेते है।

---

### एचपीवी टीके की अनुशंसा उसी प्रकार करें जैसे आप अन्य टीकों की अनुशंसा करते हैं।

आप यह कह सकते हैं,

"अब आपकी बेटी 9 साल की हो गई है, और उसे सर्विक्स कैंसर और अन्य एच पी वी संबंधित कैंसर से बचाव का टीका दे देना चाहिए। यह उसकी स्वस्थ्य के लिए बहुत ज़रूरी है। आप उसे पहले टीके के लिए कब ला सकते हैं।"

यदि माता-पिता रहे हैं, या उनका कोई प्रशन है, तो आप उनसे यह पूछ सकते हैं -

"इस टीके के बारे में आपका क्या संकोच है ?"

---

### माता-पिता के प्रशनों और संकोचों को संबोधित करने के लिए आप नीचे दिये गये उत्तरो से शुरू कर सकते हैं।

#### मेरी बेटी को एचपीवी टीकाकरण की आवश्यकता क्यों है?

एचपीवी टीकाकरण आपकी बेटी को एचपीवी संक्रमण से बचाने के लिए बहुत ही जरुरी है। यह टीका उसे बड़ी होने पर सर्वाइकल कैंसर और चार अन्य कैंसर (गला , योनि, योनिमुख और गुदा) से बचा सकता है । 9-14 साल की उम्र में टीकाकरण का प्रभाव सबसे ज़्यादा होता है और शरीर को सबसे ज़्यादा सुरक्षा मिलती है ।

#### उन्हें एचपीवी टीका कम आयु में क्यों दिया जाना चाहिए ?

क्यों की 9-14 साल की उम्र में टीकाकरण ज़्यादा प्रभावी होता है और उन्हें एचपीवी के संक्रमण से बेहतर सुरक्षा मिलती है। रिसर्च यह बताता है कीi एचपीवी टीकाकरण सही समय पर करवाने से एचपीवी सम्बंधित कैंसरों से अधिक सुरक्षा मिलती है, जबकि बड़ी आयु में टीके से मिलने वाली सुरक्षा में कमी हो जाती है।

#### मेरी बेटी को एचपीवी वैक्सीन की कितनी खुराक (doses) लेनी होगी?

9-14 साल की आयु की लड़कियों को 2 खुराक लेनी चाहिए। ऐसे बच्चे जिनमें बिमारियों से लड़ने की शक्ति नहीं होती, या जो एच आई वी से पीड़ित हैं या जिनकी आयु 15 वर्ष या उससे अधिक है, उन्हें तीन खुराक लेनी चाहिए।

#### क्या एचपीवी टीकाकरण सुरक्षित है?

**जी हाँ।** एचपीवी टीका टिटनेस के टीके के सामान सुरक्षित है।

सौ से ज़्यादा देशों में, एचपीवी टीकाकरण लाखों बच्चों में सुरक्षित रूप से दिया गया है। इस टीके पर सबसे अधिक अध्यन किये गए हैंऔर इनमे इसे पूरी तरह से सुरक्षित पाया गया है।

---

CANCER FOUNDATION OF INDIA

FOGSI

INDIAN ACADEMY OF PEDIATRICS ©

वितरण संस्था:

## क्या एचपीवी टीकाकरण के कोई दुष्प्रभाव भी होते हैं?

एचपीवी टीकाकरण पूरी तरह से सुरक्षित है। अन्य टीकों के सामान एचपीवी टीकाकरण से भी बुखार, सिरदर्द, टीके के स्थान पर दर्द या लाली हो सकती है। केवल कुछ बच्चों को टीका लगवाने के बाद चक्कर आ सकते हैं । इसीलिए हम आपके बच्चे को टीका लगवाने के बाद लगभग 15 मिनट तक बिठाए रखेंगे।

## क्या एचपीवी टीकाकरण भविष्य में मेरी बेटी की प्रजनन क्षमता को प्रभावित करेगा ?

**नहीं।** एचपीवी टीकाकरण का प्रजनन क्षमता पर कोई प्रभाव नहीं होता है। वास्तव में, एचपीवी टीकाकरण सर्वाइकल कैंसर और उसकी पूर्वावस्था के उपचार संबंधित समस्याओं को रोककर प्रजनन क्षमता को सुरक्षित रखने में सहायक होता है।

## एचपीवी संक्रमण से कौन से कैंसर होते हैं?

एचपीवी, या ह्यूमन पैपिलोमा वायरस, एक ऐसा सामान्य वायरस है जो छह प्रकार के कैंसर का कारण बन सकता है। यह महिलाओं में सर्वाइकल, गले, गुदा, योनि और योनिमुख और पुरुषों में, गले, गुदा और लिंग के कैंसर उत्पन कर सकता है।

## क्या मेरे बच्चे को वास्तव में एचपीवी संक्रमण का खतरा है?

एचपीवी बहुत ही सामान्य संक्रमण है। अपने जीवनकाल में लगभग सभी को एचपीवी संक्रमण कभी ना कभी होता है। समय पर एचपीवी टीकाकरण, आपकी बेटी को बड़ी आयु में इससे होने वाले कैंसरों से बचा सकता है।

## आपको कैसे पता है कि एचपीवी टीकाकरण प्रभावशाली है?

एचपीवी टीकाकरण बहुत प्रभावशाली है। ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और स्वीडन जैसे देशों में जहाँ एचपीवी टीकाकरण अधिकता से दिया जाता है , वहां सर्वाइकल कैंसर पहले से बहुत कम हो गया है। एचपीवी वैक्सीन में अधिक्तम् सर्वाइकल कैंसर को रोकने की क्षमता है।

## एचपीवी टीके का प्रभाव कितने समय तक रहेगा?

इस बात का पर्याप्त साक्ष्य है कि एचपीवी टीकाकरण लंबे समय तक सुरक्षा देता है। समय के साथ टीकाकरण से मिलने वाली सुरक्षा कम होने का कोई संकेत नहीं है। अध्ययन यह देखना जारी रखेगा कि क्या कभी बूस्टर की आवश्यकता होगी।।

## क्या मुझे एचपीवी टीकाकरण के लिए कोई भुगतान करना होगा?

[चिकित्सकों के लिए जानकारी: 2023 में, एचपीवी टीके को भारत केho यूनिवर्सल इम्यूनाइजेशन प्रोग्राम (यूआईपी) में शामिल किए जाने की घोषणा हो गयी हैye। अगर आपके राज्य में यूआईपी के माध्यम से यह टीका उपलब्ध है, तो लड़कियां इसे बिना किसी लागत (free) के ले सकती हैं।]

जी हाँ, टीकाकरण के लिए भुगतान करना होगा। एचपीवी टीकाकरण आज आप ___ रुपए में करवा सकते हैं । मेरी राय में यह लागत कैंसर के उपचार संबंधी लागतों की तुलना में बहुत ही कम होगी।

## क्या वह शादी के बाद यह टीका लगवा नहीं सकती?

यह टीकाकरण शादी से सम्बंधित नहीं है, ये तो कैंसर की रोकथाम के लिए है। कम उम्र में और यौन संपर्क से पहले एचपीवी टीकाकरण का प्रभाव सबसे ज़्यादा होता है और बच्चों को एचपीवी के संक्रमण से बेहतर सुरक्षा मिलती है।

## क्या आप अपने बच्चों को एचपीवी टीका लगवाएंगे?

जी हाँ, मैने अपने बच्चों (या पोते-पोतियों)को एचपीवी के टीके लगवाए हैं क्योंकि यह प्रभावशाली है और कैंसर से सुरक्षा प्रदान करता है।

**या**

अगर मेरे 9-14 साल के बच्चे या पोते-पोतियां होते तो मैं उन्हें यह टीका लगवाकर, भविष्य में होने वाले कैंसर से सुरक्षित रखता।

## मेरे एक दोस्त की बेटी है जिसे टीका लगाने के बाद बुरी प्रतिक्रिया (रिएक्शन) हुई थी, क्या मुझे इस बात की चिंता करनी चाहिए ?

मैं आपका संकोच समझ सकता हूँ। पर मैं यह जानता हूँ कि एचपीवी का टीका पूरी तरह से सुरक्षित पाया गया है। एक चिकित्सक के रूप में मुझे यह देखकर दुख होता है कि भारत में हर 8 मिनट में एक महिला सर्वाइकल कैंसर से मर रही है, जिसे रोका जा सकता है। 9 से 14 वर्ष के बीच एचपीवी टीकाकरण आपकी बेटी को सर्वाइकल और अन्य एचपीवी कैंसरों से सर्वोत्तम सुरक्षा प्रदान करता है।

## SOURCES


1. FOGSI Gynaecologic Oncology Committee. FOGSI GCPR Screening and Management of Preinvasive Lesions of Cervix and HPV Vaccination. [Internet]. 2018 Jan [cited 2023 Mar 14]. Available from: https://www.fogsi.org/wp-content/uploads/2018/03/FOGSI-GCPR-March-2018-final.pdf

2. Indian Academy of Pediatrics. IAP Immunization Schedule 2021 [Internet]. 2021 [cited 2023 Mar 14]. Available from: https://acvip.org/professional/columns/iap-immunization-schedule-2020-2021-table-form

3. Ngan HYS, Garland SM, Bhatla N, Pagliusi SR, Chan KKL, Cheung ANY, et al. Asia Oceania Guidelines for the Implementation of Programs for Cervical Cancer Prevention and Control. J Cancer Epidemiol [Internet]. 2011 Apr 13 [cited 2023 Mar 14];2011:794861. Available from: https://www.ncbi.nlm.nih.gov/pmc/articles/PMC3083000/

4. World Health Organization. Human papillomavirus vaccines (HPV) [Internet]. [cited 2022 Sep 16]. Available from: https://www.who.int/teams/immunization-vaccines-and-biologicals/diseases/human-papillomavirus-vaccines-(HPV)

5. World Health Organization. Cervical cancer [Internet]. 2022 [cited 2022 Sep 16]. Available from: https://www.who.int/news-room/fact-sheets/detail/cervical-cancer

6. National Cancer Institute. HPV and Cancer [Internet]. 2022 [cited 2022 Sep 16]. Available from: https://www.cancer.gov/about-cancer/causes-prevention/risk/infectious-agents/hpv-and-cancer

7. World Health Organization. Safety of HPV vaccines: Extract from report of GACVS meeting of 7-8 June 2017 [Internet]. 2017 Jul [cited 2022 Sep 21]. (Weekly Epidemiological Record). Available from: https://www.who.int/groups/global-advisory-committee-on-vaccine-safety/topics/human-papillomavirus-vaccines/safety

8. Centers for Disease Control and Prevention. HPV Vaccine Is Safe and Effective [Internet]. 2019 [cited 2022 Sep 21]. Available from: https://www.cdc.gov/hpv/parents/vaccinesafety.html

9. World Health Organization. Questions and Answers About Human Papillomavirus (HPV) [Internet]. 2020 [cited 2022 Sep 20]. Available from: https://cdn.who.int/media/docs/librariesprovider2/default-document-library/who-hpv-qa.pdf?sfvrsn=d0bf716b_3

10. Torjesen I. HPV vaccine cut cervical cancer rates in England by 87%. BMJ [Internet]. 2021 Nov 5 [cited 2022 Sep 21];37(n2689). Available from: https://www.bmj.com/content/375/bmj.n2689

11. Markowitz LE, Schiller JT. Human Papillomavirus Vaccines. J Infect Dis [Internet]. 2021 Oct 1 [cited 2022 Sep 21];224(Supplement_4):S367–78. Available from: https://doi.org/10.1093/infdis/jiaa621

12. Centers for Disease Control and Prevention. HPV Vaccine Safety and Effectiveness Data [Internet]. 2021 [cited 2022 Sep 21]. Available from: https://www.cdc.gov/hpv/hcp/vaccine-safety-data.html


प्रीवेंट ग्लोबल एचपीवी कैंसर्स एक सहयोगी पहल है जिसे अमेरिकन कैंसर सोसायटी के ग्लोबल एचपीवी कैंसर फ्री प्रोग्राम का समर्थन मिलता है।

PreventGlobalHPVCancers.org